तापमान

अधिकतम 34.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 25 मार्च 2025

बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | लवन | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़ | संडी बंगला




12 सास-बहू, पति-पत्नी, देवरानी-जेठानी ...



12 साहू समाज ने बैठक में सामाजिक विषयों ...

## खबर संक्षेप



### राष्ट्रपति का शिवरतन शर्मा ने किया स्वागत

**भाटापारा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु सोमवार को छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के एक दिवसीय दौरे पर थी। राष्ट्रपति के आगमन पर स्वामी विवेकानंद विमानतल रायपुर में उपाध्यक्ष भाजपा छत्तीसगढ़ शिवरतन शर्मा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर राज्यपाल रमेन डेका, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारियों ने भी स्वागत किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु छत्तीसगढ़ विधानसभा के रजत जयंती वर्ष समारोह में शामिल हुईं। इस दौरान उन्होंने विधायकों और मंत्रियों को संबोधित भी किया।

### जिला पंचायत के नवनिर्वाचित सदस्यों का सम्मान आज

**बलौदाबाजार।** जिला पंचायत बलौदाबाजार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आकांक्षा गोलू जायसवाल, उपाध्यक्ष पवन साहू सहित सभी सदस्यों का सम्मान मंगलवार को जिला आडिटोरियम में दोपहर 11 बजे से रखा गया है। प्रदेश के राजस्व आपदा प्रबंधन एवं खेल युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं सांसद रायपुर लोकसभा क्षेत्र बृजमोहन अग्रवाल की अध्यक्षता में आयोजित इस समारोह में विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, सांसद कमलेश जांगड़े, पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, लक्ष्मी बघेल, डॉ सनम जांगड़े, प्रमोद शर्मा, भाजपा के जिलाध्यक्ष आनंद यादव, नपाध्यक्ष बलौदाबाजार अशोक जैन एवं पूर्व नपाध्यक्ष चित्तावर जायसवाल शामिल होंगे।

### भक्त माता कर्मा जयंती और होली मिलन आज

**भाटापारा।** नगर साहू समाज भाटापारा के तत्वावधान में संत शिरोमणि भक्त माता कर्मा जयंती, होली मिलन एवं सम्मान समारोह आयोजित है। यह आयोजन साहू छात्रावास भवन में होगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि इन्द्र साव विधायक भाटापारा, अध्यक्षता सुनील साहू जिलाध्यक्ष, विशिष्ट अतिथि चैतराम साहू पूर्व विधायक, रेवाराम साहू, दीनदयाल साहू, दिनेश साहू, पन्नालाल साहू, दयालु साहू अध्यक्ष तरेंगा परिक्षेत्र आदि होंगे। कार्यक्रम के दौरान झांकी के साथ बाइक रैली-प्रातः 9 बजे निकाली जाएगी। इसके बाद महाआरती, प्रसादी, सम्मान समारोह होगा। नगर साहू समाज के अध्यक्ष राजेश साहू ने अधिक संख्या में सामाजिक सदस्यों से उपस्थित होने की अपील की है।

### तीन दिवसीय रामायण आज से

**हिरमी-रावन।** ग्राम हिरमी में 25 से 28 मार्च तक अखंड तीन-दिवसीय रामायण का आयोजन रखा गया है। आयोजन समिति द्वारा मानस मण्डली एवं श्रद्धालु श्रोताओं को अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होने की अपील की है। समिति के सक्रिय कार्यकर्ता उमाशंकर धीवर ने कहा कि कार्यक्रम में सुबह 10 बजे से रात्रि 11 बजे तक मंच प्रदान किया जाएगा। साथ ही मंचस्थ मण्डली को 500 रुपये व श्रीफल से सम्मानित किया जाएगा।

### ओटगन में तीन दिवसीय रामायण कल से

**सिमगा।** ग्राम ओटगन में हर साल की तरह ग्रामीणों के सहयोग से इस साल भी 26 मार्च से तीन दिवसीय रामायण का आयोजन किया गया है। जिसका समापन 29 मार्च को होगा। समिति अध्यक्ष मधुसूदन धर दीवान ने बताया कि प्रत्येक आगंतुक मानस मंडलियों को समिति द्वारा 401 रुपए के साथ ही पुरस्कार भेंट किया जाएगा।

# वर्षा जल संचय कर बढ़ाएं भूजल स्तर, टपक सिंचाई प्रणाली का करें उपयोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग द्वारा जल संरक्षण पर ग्राम सलोनी में विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जल संकट की गंभीरता पर प्रकाश ड़ालते हुए समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता फैलाई गई।

इस अवसर पर जल संचयन तकनीकों पर प्रदर्शनी,स्कूल और कॉलेज छात्रों द्वारा जल पर आधारित पोस्टर, निबंध प्रतियोगिता, पौधारोपण अभियान, पानी बचाने की शपथ, विशेष व्याख्यान एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया। पीएचई के कार्यपालन अभियंता मनोज ठाकुर ने बताया कि जल संकट की गंभीरता को देखते हुए लोक स्वास्थ्य यांत्रिक विभाग द्वारा जल संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान शुरू किया गया है। इस अभियान का उद्देश्य लोगों को जल के महत्व और इसके संरक्षण के उपायों के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों, स्थानीय नागरिकों तथा सरकारी अधिकारियों ने भाग लिया।

इस अवसर पर ग्राम पंचायत सलोनी के सरपंच प्रतिनिधि सलीम ढीढी, जिला समन्वयक राजकुमार कोशले, उत्कर्ष कावले, मंजू गायकवाड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग ने जल संरक्षण पर आयोजित किए विविध कार्यक्रम



### घरों में पानी की बचत के उपाय पर की चर्चा

कार्यक्रम के अंतर्गत पौधारोपण, रैली, पोस्टर प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक आदि का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय नागरिकों, विद्यार्थियों और सामाजिक संगठनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वक्ताओं ने वर्षा जल संचयन, टपक सिंचाई प्रणाली, पारंपरिक जल स्रोतों के पुनरुद्धार, घरों में पानी की बचत के उपाय और जलवायु परिवर्तन से जुड़ी चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की।

## विरोध : धारासिव सरपंच ने पंचायत की पहली बैठक में किया ऐलान

# पंचायत में नहीं बिकेगी अवैध शराब, कोचियों को चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बगबुड़ा

ग्राम पंचायत धाराशिव की सरपंच सम्मे केशव पटेल ने अपने कार्यकाल की शुरुआत एक महत्वपूर्ण और सराहनीय पहल के साथ की है। उन्होंने गांव को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लेते हुए शराब, गांजा बिक्री व सेवन तथा जुआ-सट्टा सहित समस्त अवैध कार्यों पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का ऐलान किया है। सरपंच सम्मे पटेल की इस पहल को ग्रामीणों का भी भरपूर समर्थन मिल रहा है, जिससे गांव में जागरूकता और बदलाव की लहर दौड़ गई है।

ग्राम पंचायत धाराशिव में सरपंच ने पहली बैठक में ही नशामुक्त समाज बनाने की बात पर जोर दिया। उन्होंने गांव में अवैध रूप से शराब बेचने और खरीदने पर पूरी तरह से प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। इस दौरान उन्होंने कोटवार के माध्यम से चार दिन पहले ही मुनादी कराकर गांव में अवैध शराब के कारोबारियों को सख्त चेतावनी दी कि वे जल्द से जल्द अपना अवैध धंधा बंद कर दें, अन्यथा उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

रविवार को सरपंच तथा पंच और गांव की महिलायें, युवा-बुजुर्ग सभी ने नशाबंदी के खिलाफ नारेबाजी करते हुए वृहत संख्या में गांव का भ्रमण किया और गांव की समुचित विकास के लिए कोचियों को अवैध कार्य बंद करने की सख्त हिदायत दी। ग्रामीणों ने कहा कि वे लंबे समय से इस समस्या से जूझ रहे है और अब नये सरपंच के नेतृत्व में गांव को नशामुक्त बनाने की दिशा में एक नई उम्मीद जगी है।



### सरपंच ने निकाली नशा मुक्ति व शराबंदी जागरुकता रैली



**खरोरा।** ग्राम पंचायत भरुवाडीह कला की सरपंच चित्ररेखा सेत कुमार बंजारे के नेतृत्व में रविवार को नशा मुक्ति एवं शराबबंदी जन जागरूकता रैली निकाली गई। इस रैली में ग्राम की समस्त महिलाओं एवं नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया। रैली के दौरान प्रतिभागियों ने नशा मुक्ति से जुड़े नारों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया और शराब, तंबाकू तथा अन्य नशीले पदार्थों के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। सरपंच चित्ररेखा बंजारे ने कहा कि नशा समाज के विकास में बाधा उत्पन्न करता है और इसे समाप्त करने के लिए सभी को एकजुट होकर प्रयास करना होगा। ग्राम महिला संगठन के संरक्षक निषाद ने कहा किए नशा केवल व्यक्ति विशेष को ही नहीं बल्कि उसके पूरे परिवार और समाज को प्रभावित करता है। इस कारण कई परिवार आर्थिक संकट, स्वास्थ्य समस्याओं और सामाजिक तिरस्कार का सामना करते हैं। इस अवसर पर ग्राम के गणमान्य नागरिक, युवा एवं महिलाएं बड़ी संख्या में उपस्थित थीं।

### स्कूल, अस्पताल खोलने के बजाय सरकार शराब दुकान खोल रही: विधायक इंद्र साव



**भाटापारा।** कांग्रेस शासन के समय भाजपा नेता प्रदेश में शराब बंदी का ढिंढोरा पिटते थे और अब भाजपा की विष्णु देवसाय की भाटापारा बलौदाबाजार जिले में 21 शराब की दुकानें खोलने जा रही है, जिसका हम पुर जोर विरोध कर ग्रामीण महिलाओं की रक्षा सुरक्षा की मांग करते है। उक्त बाते क्षेत्र के विधायक इंद्र साव ने 1 अप्रैल से लागू होने जा रही नई आबकरी नीति के विरोध में कही। उन्होंने कहा सरकार स्कूल, अस्पताल खोलने के बजाय शराब दुकान खोल रही है, जिसका हम ग्रामीणों के साथ विरोध करेंगे। विधायक साव ने अपने क्षेत्र की महिलाओं की रक्षा सुरक्षा और गांव में बिगड़ने वाले वातावरण को ध्यान में रखते ▶▶ शेष पेज 12 पर

- कहा - नई शराब नीति अगर लागू हुई, तो कांग्रेसजन आंदोलन करने बाध्य होंगे

#### नई शराब दुकान खोलने का प्रस्ताव रद्द हो

विधायक इंद्र साव ने सरकार से नई शराब दुकानों के प्रस्ताव को रद्द करने की मांग की है और चेतावनी दी है कि नई शराब नीति अगर लागू की जाती है, तो कांग्रेसजन आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। जिन गांव में शराब दुकान खुलना प्रस्तावित है, उन गांव के ग्रामीणों, महिलाओं के उसी गांव में धरना दिया जाएगा। श्री साव ने कहा कि आज क्षेत्र में स्कूल और अस्पताल खोलने की सबसे ज्यादा जरूरत है, ताकि बच्चों को शिक्षा और लोगों का प्राथमिक इलाज हो सके, लेकिन सरकार जगह-जगह शराब दुकाने खोलने जा रही हैं, जिससे इसका समाज पर नकारात्मक और बुरा असर देखने को मिलेगा।

## लंबे समय से खांसी और बुखार आने पर तत्काल करायें जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

सोमवार को जिले सभी अस्पताल, सीएच सी, पीएचसी, आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में विश्व क्षय दिवस मनाया गया। इस अवसर पर रंगोली, आम जनता एवं चिकित्सा स्टाफ द्वारा टीबी मुक्त भारत बनाने की शपथ, नर्सिंग कॉलेज के छात्रों द्वारा नुक्कड़ नाटक सहित जिले में संक्रमण की पहचान के लिए सीवाई टीबी विधि से जांच का शुभारंभ किया गया। मरीजों की काउन्सिलिंग कर उन्हें दवाई खाने, जरूरी सावधानियां रखना बताया गया। साथ ही मरीजों को जिला रेडक्रॉस समिति के माध्यम से पोषण आहार भी वितरित किया गया।

जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं प्रभारी क्षय रोग डॉ. राजेश कुमार अवस्थी के अनुसार टीबी एक संक्रामक रोग है, जिसके बैक्टेरिया हवा के माध्यम से स्वस्थ व्यक्ति के शरीर में प्रवेश करते हैं तथा अनुकूल अवसर मिलने पर रोग प्रकट हो सकता है। 80 प्रतिशत केसों में यह शरीर के फेफड़ों को प्रभावित करता है, जबकि शेष बीस प्रतिशत में यह शरीर के अन्य किसी अंग जैसे हड्डी, आंतों, हृदय, आंख, मस्तिष्क, गर्भाशय आदि में भी हो सकता है। फेफड़े में टीबी होने पर लंबे समय तक खांसी, बलगम आना, शाम को पसीने के साथ हल्का बुखार, वजन में कमी, भूख न लगना ये कुछ लक्षण दिखाई पड़ते हैं, जबकि अन्य अंगों में टीबी के लक्षण अलग अलग हो सकते हैं। ऐसे व्यक्ति जो धूम्रपान, शराब का सेवन करते हैं, ▶▶ शेष पेज 12 पर

- टीबी रोग के बचाव के संदेश के साथ जिले में मनाया गया विश्व क्षय दिवस

## टंगिया से प्राण घातक हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

पुरानी रंजिश के चलते युवक ने दुकानदार पर टंगिया से प्राण घातक हमला किया। इस घटना में दुकानदार गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।



पुलिस ने बताया कि ग्राम रसेड़ा निवासी चंद्रमोहन जायसवाल ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि होली पर्व के दिन वह अपनी किराना दुकान खोलकर बैठा था। उसी वक्त आरोपी भीमा ध्रुव हाथ में टंगिया लेकर आया और प्रार्थी से पुरानी बात को लेकर गाली गलौज करते हुए, जान से मारने की धमकी देकर प्रार्थी पर टंगिया से प्राण घातक वार कर दिया, जिससे प्रार्थी के सिर के दाहिने ओर गहरी चोंट लगी है। प्रार्थी की शिकायत पर थाना सिटी कोतवाली में 296, 351(2), 109 बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस द्वारा ▶▶ शेष पेज 12 पर

## रमजान में दुआओं के लिए उठे हाथ

**पलारी।** रमजान का पाक महीना चल रहा है, जो मुसलमानों के पवित्र महीना माना जाता है, जहां महीनेभर रोजा रखकर मुल्क में अमन चैन के लिए दुआए की जाती है। सोमवार को 23वां रोजा मुकम्मल हुआ, जहां रोजेदार पलारी निवासी रसीदा खान मां और बेटीयां जन्नत आर एस खान और जासमीन आरएस खान ने आज का रोजा पूरा कर एक साथ इफ्तारी की। इस मौके पर बेटीयों ने कहा कि अम्मी और अब्बा ने अच्छी तालीम दी है। बचपन से रोजा रखना सिखाया इससे मन को सुकुन मिलता है तथा नेक इंसान बनने के लिए राह आसान होती है। उन्होंने कहा कि सौहार्द बना रहे, मुल्क तरक्की करे इसके अल्लाह ताला से रोज दुआ करते हैं।



## धोबी समाज ने प्रतिभावान छात्रों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

झेरिया धोबी समाज तरेंगा राज का दो दिवसीय वार्षिक महाअधिवेशन सिंगारपुर मावली में समाज के श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण में हुआ। दो दिवसीय वार्षिक महाअधिवेशन में तरेंगा राज के अलावा लवन लोहरसी मारो मल्हार एवं मुंगेली राज के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। वार्षिक अधिवेशन में होनहार युवा ▶▶ शेष पेज 12 पर

- वार्षिक अधिवेशन में जिलाध्यक्ष श्रीराम ने कहा- समाज आदर्श विवाह को प्राथमिकता दें



### प्रतिभावान छात्र छात्राओं का किया सम्मान

10वीं-12वीं में 60 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं एवं खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जय कुमार पिता कैलाश कुमार निर्मलकर, प्रियंका पिता महेश निर्मलकर, शशि पिता रोहित निर्मलकर, चित्र पिता मखनु निर्मलकर, अंजलि पिता कन्हैया निर्मलकर, राघव पिता श्रवण को सम्मानित किया गया। महाअधिवेशन में मुंगेली जिला अध्यक्ष दिलीप रजक भागीराम निर्मलकर दिनेश निर्मलकर तरेंगा राज अध्यक्ष त्रिलोचन रजक शंकरलाल रजक मनोज निर्मलकर लालाराम रजक नारायण निर्मलकर ईश्वर रजक प्रेमलाल निर्मलकर, प्यारेलाल रजक, गन्नू रजक, दाऊलाल रजक, मोहित राम रजक, सोम प्रकाश, बीरबल रजक, कमल निर्मलकर , ▶▶ शेष पेज 12 पर

## सरपंच ने दिखायी शक्ति, तहसीलदार से की शिकायत

# स्कूल परिसर व नाले पर अवैध कब्जा का विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा



समीपस्थ ग्राम पौंसरी के शासकीय प्रायमरी स्कूल में अतिक्रमणकारियों के हौसले इतना बुलंद है कि स्कूल की बाउंड्री वॉल को तोड़ कर एवं स्कूल के सैप्टिक टैंक को पाट कर स्कूल परिसर के अंदर ही बाउंड्री वॉल निर्माण कर दिया। इसकी शिकायत सरपंच ने तहसीलदार से करते हुए अतिक्रमण हटाने की मांग की है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सिमगा ब्लॉक के ग्राम पौंसरी में सत्य प्रकाश साहू उर्फ राजू साहू पिता गोपाल साहू द्वारा शासकीय प्रायमरी स्कूल के बाउंड्री वॉल को तोड़ कर तथा सैप्टिक टैंक को पाट कर दबंगई के साथ स्कूल परिसर के अंदर दीवाल खड़ी कर अवैध कब्जा करते हुए अपने बियारा जाने के लिए रास्ता बना रहा था। उक्त अवैध निर्माण कार्य की जानकारी सरपंच चंद्रमणि साहू को मिलने पर सरपंच ने पंचों व ग्रामीणों के साथ मौके पर जा कर देखा एवं अतिक्रमण कारी को अवैध बाउंड्री वॉल निर्माण को रोकने कहा, लेकिन वह नहीं माना। वहीं स्कूल के समीप ही गांव का पुराना बरसाती नाला है जिसमें पानी भरे रहने पर मोहल्ले वासी निस्तारी करते हैं। उक्त नाले में गांव के रामकुमार साहू, कुमारी बाई लसहे, शिवचंद बंजारे, भागचरण बारले, ओमप्रकाश साहू, जितेंद्र रात्रे सहित अन्य व्यक्तियों द्वारा नाले को पाट कर अतिक्रमण करते हुए मकान आदि निर्माण कार्य किया जा रहा था। जिसे सरपंच चंद्रमणि साहू द्वारा निर्माण कार्य रोकने कहा गया लेकिन अतिक्रमणकारियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि वे लगातार निर्माण कार्य करते रहे। इस पर आज सोमवार को सरपंच ने तहसीलदार सिमगा अनिरुद्ध मिश्रा से इसकी शिकायत की। तहसीलदार मिश्रा ने तत्काल हल्का पटवारी को मौका निरीक्षण के लिए भेजा।

### जांच में पहुंचे पटवारी

इस बीच ग्रामीणों की उपस्थिति में पटवारी ने स्थल निरीक्षण कर जांच रिपोर्ट तहसीलदार को सौंपने की बात कही है। ग्रामीण कमल, बेदराम साहू, राजमती साहू, रूपा साहू, मिथलेश, टिपू टंडन, अनुज बारले, राहुल सेन, लीलू निषाद, यशवं, सौरभ साहू आदि ने कहा कि अतिक्रमण एवं अवैध कब्जा के कारण गांव में शासकीय भूमि ही नहीं बची है। स्कूल परिसर व नाले से बेजा कब्जा नहीं हटा तो ग्रामीण उग्र प्रदर्शन करने के लिए विवश हो जाएंगे। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में शासकीय भूमि नहीं होने के कारण खेल मैदान नहीं है, मवेशियों के लिए गोठान पर्याप्त नहीं है। यही नहीं शासकीय भूमि नही बचने के मनरेगा जैसे शासकीय कार्य भी पंचायत द्वारा नहीं कराया जा सकता। यहां यह बताना जरूरी है कि पौंसरी पंचायत में शासकीय भूमि नहीं के बराबर है स्कूल परिसर में ही आंगनबाड़ी भवन, उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन संचालित है।

## खाद्य विभाग की दुकानों में दबिश, आठ गैस सिलेंडर जब्त

हरिभूमिन्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जिले में खाद्य विभाग द्वारा अलग-अलग टीम बनाकर घरेलू गैस सिलेण्डर के व्यवसायिक उपयोग पर रोक लगाने होटल, ढाबा, केन्टीन आदि प्रतिष्ठानों का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। टीम द्वारा दुर्गा केन्टीन बलौदाबाजार, राजस्थान भोजनालय बलौदाबाजार, उमंग हॉटल लाहोद, आदित्य रेस्टोरेन्ट लवन एवं श्री फैमली ढाबा लाहोद से 8 नग घरेलू गैस सिलेण्डर जब्त किया। खाद्य अधिकारी विजय कुमार किरण ने बताया कि उक्त प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यावसायिक उपयोग कर खाद्य पदार्थों की बिकी की जा रही थी। प्रतिष्ठानों में घरेलू गैस सिलेण्डर का व्यावसायिक उपयोग किया जाना पाया गया जो कि द्रवीकृत ▶▶ शेष पेज 12 पर



### पानी पाउच बनाने वाली फैक्टरी जांच की गई

इसके साथ ही पानी पाउच बनाने वाली फैक्टरी शिद्धम पावर प्लांट की भी जांच की गई। जांच में शिद्धम पावर प्लांट द्वारा पानी पाउच एवं बॉटल में मैनुफैक्चरिंग डेट एवं एक्सपायरी डेट अंकित पाया गया। कार्रवाई के दौरान खाद्य निरीक्षक कमल नारायण साहू, गुलशन अनंत, शीतलेश यादव, लक्ष्मण कश्यप एवं नापतौल निरीक्षक दामोदर प्रसाद वर्मा सहित विभाग के अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।


जिला पंचायत बलौदाबाजार–भाटापारा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष
श्रीमती आकांक्षा गोलू जायसवाल जी
एवं नवनिर्वाचित उपाध्यक्ष
श्री पवन साहू जी
सहित समस्त सदस्यगण जिला पंचायत
शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह
में आप सभी अतिथियों को
हार्दिक स्वागत
वंदन
अभिनंदन
दिनांक - 25 मार्च 2025, समय - सुबह 11 बजे
स्थान - जिला ऑडिटोरियम
शशि बंजारे
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.01
दिप्ती वर्मा
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.02
मोहन लाल वर्मा
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.03
ईशान वैष्णव
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.04
राजा जायसवाल
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.05
अमर कुमार मंडावी
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.06
गीता देवी वर्मा
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.07
सुश्री इन्दु जांगड़े
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.09
अंजली साहू
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.11
महेन्द्र कुमार साहू
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.12
रविदास बंजारे
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.13
शैलेन्द्र बंजारे
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.14
प्रेमलता वैष्णव
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.15
दामिनी
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.16
गायत्री बरिहा
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.17
सुनीता देवांगन
जि.पं. सदस्य क्षेत्र क्र.18

**खबर संक्षेप**

## सुहेला में तीन दिवसीय रामायण आज से

**सुहेला।** ग्राम में आज से अखंड तीन दिवसीय रामायण समारोह का आयोजन शुरू हो रहा है। इस अवसर पर कलश यात्रा निकाली जायेगी और समारोह की शुरुआत के साथ रामायण वाचन की प्रक्रिया भी आरंभ होगा। प्रत्येक मानस



मंडली को 501 रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की भी घोषणा समिति द्वारा की गई है।ग्रामवासियों के बीच इस आयोजन को लेकर भारी उत्साह देखा जा रहा है। लोग भगवान श्री रामचंद्रजी के मानस चरित्र को सुनने के लिए उत्सुक हैं। ग्रामवासियों का मानना है कि इस प्रकार के आयोजन न केवल धार्मिक शिक्षा प्रदान करते हैं, बल्कि उनके जीवन को सकारात्मक दिशा में मार्गदर्शन भी करते हैं। रामायण वाचन और भजनों के साथ यह आयोजन धार्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने का महत्वपूर्ण साधन बनता है। समारोह को लेकर ग्राम में श्रद्धा और उल्लास का माहौल बना हुआ है, और लोग इसे अपने जीवन में एक नई ऊर्जा के रूप में देख रहे हैं।

### परीक्षा : राष्ट्रव्यापी साक्षरता परीक्षा में 15 हजार से अधिक परीक्षार्थी हुए शामिल

# सास-बहू, पति-पत्नी, देवरानी-जेठानी ने दी साक्षरता परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बलौदाबाजार

रविवार को आयोजित राष्ट्रव्यापी साक्षरता महापरीक्षा में जिला के 443 परीक्षा केन्द्रों में 15 हजार 165 लोग शामिल हुए । परीक्षा में एक ही परिवार के पति–पत्नी, सास–ससुर, बेटा–बहू ने महापरीक्षा दिलाई। जिला शिक्षा अधिकारी एवं सदस्य सचिव हिमांशु भारतीय ने बताया कि जिला में 443 परीक्षा केन्द्रों को चिन्हांकित कर ग्राम वार्ड प्रभारी, प्रधानपाठक को केन्द्राध्यक्ष बनाया गया था। संस्था के शिक्षक पर्यवेक्षक एवं मूल्यांकन का कार्य सफलतापूर्वक किया। जिला परियोजना अधिकारी जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण सोमेश्वर राव ने बताया कि परीक्षा में सम्मिलित शिक्षार्थियों ने पढ़ना 50 अंक, लिखना 50 अंक तथा गणित 50 अंक कुल 150 अंक की परीक्षा दिये। परीक्षा में सम्मिलित शिक्षार्थियों को अंक पत्र सह साक्षरता प्रमाण पत्र स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग एवं राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा प्रदान किया जायेगा। परीक्षा के एक–दो दिन पूर्व केन्द्राध्यक्ष एवं उस संस्था के शिक्षकों व स्वयंसेवी शिक्षकों के माध्यम से शिक्षार्थियों को घर–घर जाकर पीला चावल एवं शिक्षार्थी पर्ची देकर परीक्षा में उपस्थित होने के लिए निमत्रंण दिया गया। कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण दीपक सोनी के निर्देश पर महिला स्वसहायता समूह, छात्रवास के छात्र–छात्राओं, आगंनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों एवं नेहरू युवा केन्द्र द्वारा शिक्षार्थियों को परीक्षा केन्द्र तक लाने में भरपूर सहयोग मिला।



### साक्षरता महाअभियान परीक्षा में 49 परीक्षार्थी शामिल हुए

मुंडा। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला पैजनी में साक्षरता महाअभियान परीक्षा के



अंतर्गत 49 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। इनमें 5 पुरुष और 44 महिलाए शामिल हैं। सर्वप्रथम संस्था प्रमुख चूड़ामणि वर्मा द्वारा असाक्षरों को गुलाल लगाकर गुलदस्ता भेंट कर सम्मान किया। साथ ही उन्होंने सभी परीक्षार्थियों को महाअभियान परीक्षा की बधाई देते हुए साफ और स्वच्छ लिखने प्रेरित किया। परीक्षा में प्रधानपाठक संतोष कुमार पैकरा, संकुल समन्वयक समारूदास बांधे एवं शिक्षकगण उपस्थित थे।

## साक्षरता महापरीक्षा में 12 पुरुष 43 महिलाएं हुईं शामिल



**पलारी।** शिक्षा के प्रचार प्रसार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रविवार को उल्लास नवसाक्षर कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें पलारी के प्राथमिक विद्यालय छेरकाडीह में उल्लास नवसाक्षरता कार्यक्रम के तहत महापरीक्षा में 12 पुरुष 43 महिला कुल 55 शामिल हुए। इसमें गांव की महिलाएं महापरिक्षा में उत्साह से शामिल हुई। प्रधान पाठक खेलन प्रसाद चन्द्राकार ने कहा कि परीक्षा का लक्ष्य पूरा हो गया परीक्षा के पूर्व सभी को पीला चावल से आमंत्रित किया गया। इस अवसर पर शाला के शिक्षक दरसू राम यादव, अमित कुर्रे, राजकुमार ध्रुव एवं अनुदेशक रमेशिया, बिन्दु, प्रीति, तनु,रामाधार नवभारत ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## साहू समाज ने बैठक में सामाजिक विषयों पर की चर्चा



**पलारी।** दतान परिक्षेत्र के ग्राम रेंगाडीह में साहू समाज की आवश्यक बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी चुनाव और सामाजिक विषयों पर गहन विचार–विमर्श किया गया। बैठक में समाज को संगठित और सशक्त बनाने पर जोर दिया गया, साथ ही आगामी चुनाव में समाज की भूमिका और रणनीति पर चर्चा की गई। समाज के संगठन को और मजबूत बनाने, युवाओं को जागरूक करने और समाज के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं पर विचार किया गया। समाज के वरिष्ठ सदस्यों ने एकजुटता बनाए रखने और समाजहित में कार्य करने का संकल्प लिया। बैठक के दौरान उपस्थित सदस्यों ने अपने–अपने विचार रखे। साथ ही भक्त माता कर्मा जयंती पर माता की महाआरती कर धूमधाम से मनाने की बात की। शोभायात्रा, प्रसादी वितरण, घरों में रंगोली व दीप प्रज्वलन जैसे कार्यक्रम भी आयोजित कर सामाजिक एकता, समरसता को सुनिश्चित करने की बात कही। इससे समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होगा और हमारी सांस्कृतिक परंपरा और अधिक मजबूत होगी। बैठक में जिला अध्यक्ष सुनील साहू, नवनिर्वाचित जिला सदस्य एवं तहसील सचिव महेंद्र मोनू साहू, अध्यक्ष दतान परिक्षेत्र गणपत साहू, जिला मीडिया प्रभारी केशव साहू, तहसील कोषाध्यक्ष जगदीश साहू, दतान परिक्षेत्र संरक्षक रामकुमार साहू, सचिव अरुण साहू, उपाध्यक्ष चिंता राम, सह सचिव नंदलाल, पनमेश्वर, कोषाध्यक्ष प्रीतम, बेदराम, मोहन, संतोष, शिवकुमार, मानसिंग, संतराम और दुष्यंत आदि उपस्थित थे।

## पेज 11 के शेष

### स्कूल, अस्पताल खोलन...

हुए कहा कि राज्य सरकार अब गांव-गांव में दारू दुकान खुलवाने में आमदा है। पूरे प्रदेश में नई आबकरी नीति 1 अप्रैल से लागू होने जा रही है। इसके तहत छत्तीसगढ़ में 67 नई शराब दुकानें खोली जानी हैं और दुर्भाग्य की बात है कि हमारे जिले में 21 नई शराब दुकानें खोलने का प्रावधान किया गया है, जिसमें से भाटापारा ब्लाक में 9 दुकान और सिमगा ब्लाक में 5 दुकान सहित कुल 14 दुकानें दोनों ब्लॉक में खोलने की तैयारी है। विधायक श्री साव ने कहा कि जब पूर्व में कांग्रेस सरकार थी, तब भाजपा नेता शराब बंदी की मांग करते थे। धरना देते थे, विधानसभा में हल्ला करते थे और जब उनकी सरकार है तो शराब बंदी तो दूर ये लोग गांव-गांव में शराब बेचने जा रहे हैं। अब भाजपा नेता लोग कहा छिप गए, कोई कुछ बोलने को तैयार नहीं है। विधायक श्री साव ने भाजपा सरकार को आड़े हाथ लेते हुए कहा कि प्रदेश सरकार एक ओर सुशासन का दावा करती है वहीं दूसरी ओर वह समाज में अशांति और अराजकता फैलाने का काम कर रही है। भाजपा सरकार शराब दुकानों की संख्या बढ़ाकर समाज को और अधिक नशे की ओर धकेलने जा रही है।

### लंबे समय से ...

शुगर, बीपी, एचआईवी से ग्रसित हैं एवं जो कुपोषित हैं वह टीबी रोग के संक्रमण के दायरे में रहते हैं, इसके अतिरिक्त यदि परिवार में भी किसी को टीबी हो जाए तो घर के सदस्यों को भी यह खतरा बना रहता है। परिवार के सदस्यों को बचाव के लिए अलग से दवाई निःशुल्क दी जाती है।

### टंगिया से प्राण...

जांच एवं विवेचना कार्रवाई करते हुए आरोपी भीमा ध्रुव 28 वर्ष निवासी ग्राम रसेडी को हिरासत में लिया। पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा प्रार्थी पर टंगिया से प्राणघातक हमला करना स्वीकार किया गया। मामले में सोमवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां उसे जेल भेज दिया गया।

### धोबी समाज ने...

समाजसेवी राजेंद्र निर्मलकर को समाजजनों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। सिंगारपुर मावली में आयोजित दो दिवसीय महाअधिवेशन कार्यक्रम का शुभारंभ तरेंगा राज एवं अन्य राज से आए पदाधिकारियों द्वारा स्वच्छता के जनक संत गाडगे महाराज एवं नातिन धोबिन दाई के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चनाकर कर की। वार्षिक महाअधिवेशन कार्यक्रम को बलौदाबाजार जिला अध्यक्ष श्रीराम रजक ने उपस्थित सामाजिकजनों को संबोधित करते हुए कहा कि आदर्श विवाह को प्राथमिकता दें और समाज के लोगों को आदर्श विवाह के लिए प्रेरित किया। अन्य राज से आए हुए पदाधिकारियों ने भी अपने–अपने विचार व्यक्त किए।

### प्रतिभावान छात्र छात्राओं ...

जीवनलाल, मन्नूलाल, जयराम रजक, भरत निर्मलकर, फेकू राम, सूरज निर्मलकर, फागुराम, संजय रजक, महेंद्र रजक, हीरालाल रजक, धनेश्वर निर्मलकर, जनीराम निर्मलकर, पंचराम रजक, मुनीष कुमार निर्मलकर, फागुराम निर्मलकर, संतोष कुमार रजक, मनीष कुमार, नेहरू रजक, सतीश कुमार, धेनुका रजक, सुंदरलाल रजक, पुनीतराम रजक सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित थे।

### खाद्य विभाग की ...

पेट्रोलियम गैस प्रदाय और वितरण विनियमन आदेश 2000 का उल्लंघन है, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3/7 के अंतर्गत दण्डनीय है।







